स्थापित : 13 अप्रेल 1987

RNI NO. : RAJHIN/2002/9625

# शहीद जगत

राष्ट्रीय भावना एवं सामाजिक जनचेतना जागृत करने वाली हिन्दी मासिक पत्रिका

वर्ष 15 अंक : 4 कोटा, 15 अप्रेल 2018 पृष्ठ : 4 मूल्य 2 रूपये

## डी.ए.वी की यह नई पहल सामाजिक जुड़ाव के लिए यज्ञ एवं भजन संध्या का आयोजन

**कोटा।** डी.ए.वी की एक नई पहल है जिसके द्वारा समाज को साथ लेकर जीवनं मूल्यो को विकसित कर समाज के सभी वर्गों की शारीरिक, आध्यात्मिक उपक्षेत्र महावीर नगर तृतीय में आयोजित किया गया। इसमें विद्यालय के स्टाफके साथ स्थानीय लोगो की भी उपस्थिति रही। विद्यालय प्राचार्या, क्षेत्रीय निदेषक मंत्री आर्य प्रादेशिक प्रतिनिधि उपसभा, राजस्थान श्रीमती सरिता रंजन गौतम, डी.ए.वी झालावाड़ के प्राचार्य श्री राजकुमार शर्मा, आर्य समाज के जिला डी.ए.वी झालावाड़ के संगीत शिक्षक श्री राजेन्द्र चौहान ने भक्तिमय प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कुछ स्थानीय लोगों ने भी इस अवसर पर निराकार, सर्वज्ञ, अनादि एवं अनंत हैं जिला आर्य सभा प्रधान श्री अर्जुन देव चड्ढ़ा ने उपस्थित गृहस्थियों को सफ्ल गृहस्थ के सूत्र स्पष्ट किए। कार्यक्रम के






और सामाजिक उन्नति हो सके। डी.ए.वी कॉलेज प्रबन्धकर्तृ समिति नईदिल्ली की प्रेरणा से और डी.ए.वी कॉलेज प्रबन्धकर्तृ समिति के सौजन्य से आर्य प्रादेशिक प्रतिनिधि उपसभा, राजस्थान के तत्वावधान में दिनांक 8 अप्रैल 2018 को सायंकाल 5 बजे से रात्रि 8 बजे तक यज्ञ एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम डी.ए.वी स्कूल के प्रांगण से बाहर जाकर कोटा नगर के एवं मंत्री आर्य प्रादेशिक प्रतिनिधि उपसभा, राजस्थान श्रीमती सरिता रंजन गौतम ने कहा कि यह इस श्रंखला का प्रथम आयोजन है डी.ए.वी शहरभर में इस प्रकार के सामाजिक सरोकार से जुड़े आयोजन आगे भी करता रहेगा।

कार्यक्रम का शुभारंभ देवयज्ञ से हुआ। इस यज्ञ के ब्रह्मा विद्यालय के धर्म शिक्षक श्री शोभाराम आर्य तथा यजमान विद्यालय प्राचार्या, क्षेत्रीय निदेशक एवं प्रधान श्री अर्जुन देव चड्ढ़ा एवं अन्य क्षेत्रीय निवासी थे। उपस्थित सभी गणमान्य लोगों ने क्रमशः यज्ञ में आहुतियाँ प्रदान की। तत्पश्चात आरंभ हुआ भजन संध्या का आयोजन जिसमें एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियों ने समा बाँध दिया। कोटा के संगीत शिक्षक श्री मुकेश शर्मा, श्री तुलसीदान वर्मा, डी.ए.वी गढेपान के संगीत शिक्षक श्रीमती मीनू मिश्रा, श्री कमलेश सरोलिया, अपनी भक्तिमय प्रस्तुतियाँ दी जिनमें श्री आर.सी आर्य, श्री मृत्युंजय, श्रीमती अनिता, श्रीमती अपूर्वा और कुछ नन्हे कलाकार निश्चल और शिवम सम्मिलित थे। कार्यक्रम का अगला सोपान था विद्यालय के धर्म शिक्षक श्री शोभाराम आर्य का ईश्वर के मुख्य नाम ओउम् विषय पर प्रवचन जिसमें उन्होंनें वेदों के अनेक उद्धरण देकर यह बताया कि ईश्वर अनन्त गुणयुक्त परम सत्ता है वह अंत में विद्यालय प्राचार्या, क्षेत्रीय निदेशक एवं मंत्री आर्य प्रादेशिक प्रतिनिधि उपसभा, राजस्थान श्रीमती सरिता रंजन गौतम ने धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि सफ्ल आयोजन समाज और स्टाफ के परिश्रम व समन्वय का सुफल है। कार्यक्रम का सफल संचालन श्री प्रद्युम्न शर्मा ने किया। उपस्थित जन समुदाय हेतु प्रसाद एवं जलपान का वितरण भी किया गया।

## महर्षि दयानन्द सरस्वती सर्किल के नामकरण हेतु यूआईटी चैयरमेन को दिया ज्ञापन

**कोटा।** आर्य समाज जिला सभा का प्रतिनिधिमंडल जिला सभा के प्रधान अर्जुनदेव चड्ढा के नेतृत्व में नगर विकास न्यास के चैयरमेन रामकुमार मेहता से उनके कार्यालय में मिला।



प्रतिनिधिमंडल में जिलामंत्री कैलाष बाहेती, डीएवी स्कूल की प्राचार्या सरिता रंजन गौतम, आर्य समाज महावीर नगर के प्रधान आरसी आर्य, मंत्री राधाबल्लभ राठौर, ख्रेड़ारसूलपुर के प्रधान रामनारायण कुषवाह, मंत्री बंषीलाल रेनवाल, आर्य विद्वान शोभाराम आर्य, आर्य समाज तलवंडी के लालचंद आर्य, योगराज कुमरा, वेदमित्र वैदिक, किशन आर्य, शिक्षाविद् विनोद कुशवाह आदि उपस्थित थे।

इस अवसर पर जिला आर्य प्रतिनिधि सभा द्वारा यूआईटी चैयरमेन को सौंपे ज्ञापन में कहा कि कोटा शहर के किसी भी एक चौराहे का नामकरण 'महर्षि दयानन्द सरस्वती सर्किल' के नाम से किया जाए।

इस पर आर्य समाज के प्रतिनिधिमंडल को यूआईटी चैयरमेन ने विष्वास दिलाया कि आप लोगों ने जो मांग रखी है उसे मैं व्यक्तिगत रूप से रूचि लेकर प्राथमिकता से महर्षि दयानन्द सरस्वती सर्किल नामकरण करवाने का प्रयास करूंगा। उन्होंने कहा कि महर्शि दयानन्द सरस्वती राश्ट्रीय महापुरूष हैं उनके नाम से चौराहे का नामकरण होना हमारे लिए बड़े ही गौरव की बात होगी।

इस अवसर पर आर्य समाज के जिला मंत्री कैलाष बाहेती ने यूआईटी चैयरमेन को ओइम् का बेज लगाकर व डीएवी स्कूल की प्राचार्य श्रीमती सरिता रंजन गौतम ने गायत्री मंत्र से सुसज्जित पटका पहनाकर व आर्य जनों द्वारा मंत्रोच्चार करके स्वागत किय गया।

मासिक
# शहीद जगत
कोटा, 15 अप्रेल 2018

## सम्पादकीय

### जीएसटी की रफ्तार

वस्तु एवं सेवा कर यानी जीएसटी के तहत 15 अप्रैल.से पांच और राज्यों में राज्य के भीतर ही माल ढुलाई के लिए ई-वे बिल सिस्टम लागू करने की तैयारी यह बताती है कि कर्नाटक में इस सिस्टम के अमल का प्रायोगिक परीक्षण सफल रहा। इसके बावजूद सरकारी तंत्र को इसके लिए सचेत रहना होगा कि पांच राज्यों में इस व्यवस्था के अमल में किसी तरह की बाधा न खड़ी होने पाए, क्योंकि तभी वह जल्द से जल्द अन्य राज्यों में ई-वे बिल सिस्टम लागू करने में समर्थ हो सकेगी। राज्यों के भीतर ही माल ढुलाई के लिए ई-वे बिल व्यवस्था को लागू करने की तैयारी इसकी भी सूचक है कि एक से दूसरे राज्यों के बीच माल ढुलाई में इस व्यवस्था को लागू करने के सकारात्मक नतीजे हासिल हुए हैं। चूंकि ई-वे बिल सिस्टम का उद्देश्य माल ढुलाई के पुराने तौर-तरीकों के जरिए की जाने टैक्स चोरी को रोकना है, इसलिए कारोबार जगत के लिए भी यह आवश्यक है कि वह पारदर्शी व्यवस्था का हिस्सा बने। कारोबार जगत से ऐसे ही सहयोग की अपेक्षा जीएसटी के अन्य नियमों के पालन के मामले में भी है, क्योंकि ऐसे प्रसंग सामने आ रहे हैं, जो यह इंगित करते हैं कि जीएसटी की चोरी जारी है। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि कंपोजिशन स्कीम के जरिये व्यापक स्तर पर टैक्स चोरी की आशंका को देखते हुए जीएसटी काउंसिल 'रिवर्स चार्ज मैकेनिज्म' जल्द से जल्द लागू करना चाह रही है। उम्मीद है कि जीएसटी काउंसिल की आगामी बैठक में इस पर कोई सहमति बन जाएगी। यदि 'रिवर्स चार्ज मैकेनिज्म' अमल में आए तो यह टैक्स चोरी रोकने का एक और जतन होगा। विडंबना यह है कि ऐसे कुछ और जतन किए जाने की जरूरत महसूस की जा रही है और इसका कारण यही है कि कारोबार जगत का एक हिस्सा छल-छद्म से टैक्स बचाने से बाज नहीं आ रहा है। यह सही है कि जीएसटी का तंत्र अभी भी कई जटिलताओं से लैस है, लेकिन यह ठीक नहीं कि एक ओर जटिल प्रावधानों की शिकायत की जाए और दूसरी ओर टैक्स बचाने-छिपाने का काम भी किया जाए। ऐसा होगा तो फिर जीएसटी काउंसिल भी व्यवस्था के छिद्र भरने हेतु नए-नए उपाय तलाशने को विवश होगी। जीएसटी काउंसिल डाल-डाल तो टैक्स बचाने वाले पात-पात, ऐसा कोई माहौल कारोबार जगत के लिए ठीक नहीं।

## आर्य समाज ने किया विश्व शांति यज्ञ

**कोटा।** राजस्थान के लीडिंग समाचार पत्र राजस्थान पत्रिका कोटा द्वारा कोटा के मध्य स्थित किशोर सागर तालाब की पाल पर रविवार को प्रातः



6 बजे से 9 बजे तक ''हमराह'' कार्यक्रम आयोजित किया जाता है।

उक्त कार्यक्रम में विभिन्न संस्थाओं द्वारा सामाजिक, सांस्कृतिक, योग, गीत-संगीत, नुक्कड़ नाटक, चिकित्सा षिविर, जनचेतना, नृत्य-मनोरंजन, बालक-बालिकाओं की प्रतियोगिताएं आदि अनेक कार्यक्रम आयोजित होते हैं। जिसमें हजारों संख्या में लोग भाग लेते हैं।

राजस्थान पत्रिका कोटा द्वारा 25 मार्च को आर्य समाज जिलासभा कोटा को इस सामुहिक कार्यक्रम में विष्व षांतियज्ञ करने हेतु आमंत्रित किया गया। जिला आर्य प्रतिनिधि सभा के निर्देषन में आर्य समाज महावीर नगर के तत्वावधान में प्रधान आर.सी. अर्य के सानिध्य में यज्ञ किया गया। यज्ञ के मुख्य यजमान आर्य समाज के जिला प्रधान अर्जुनदेव चढ्ढा, मंत्री राधा वल्लभ राठौर आर्य, लालचंद आर्य, किषन आर्य हरियाणा, प्रसिद्ध समाजसेवी व जी.एम. प्लाजा एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेष जैन, राजस्थान पत्रिका के प्रभारी सम्पादक राजेश त्रिपाठी, उनके पुत्र-पुत्री व अन्य उपस्थित सैंकड़ों लोगों ने यज्ञ में मंत्रोच्चार से सुगन्धित हवन सामग्री की आहुतियां देकर कोटा की उन्नति-प्रगति, खुशहाली, प्राणी मात्र के कल्याण व विश्व षांति की कामना की।

## पंजाबी समाज ने कुष्ठ रोगियों के बीच मनाई बैसाखी

**कोटा।** वीर सावरकर नगर स्थित कुश्ठ रोगियों की बस्ती में पंजाबी समाज समिति द्वारा आज आटा, दाल, चावल, षक्कर के पैकेट, नहाने का साबुन, बिस्किट के पैकेट, कैले आदि बांटकर बैसाखी का त्यौहार मनाया गया। पंजाबी समाज समिति के अध्यक्ष दर्षन पिपलानी के नेतृत्व में सचिव सागर पिपलानी, राजेंद्र बाटला, लेखराज वधवा, कमल अदलक्खा, रमेष अरोडा, अर्जुनदेव चड्ढा, देवेंद्र गैरा, सुरेंद्र निझावन, दीपक अरोडा, डा. सुरेश टक्कर, रामनारायण कालरा, दीप सेठी आदि कुष्ठ रोग बस्ती पहुंचे।





समिति के प्रवक्ता दीपक अरोडा ने जानकारी देते हुए बताया कि समिति के निर्णयानुसार कुश्ठ रोगियों, विकलांगों, निर्धन परिवारों, महिलाओं, बच्चों को उक्त सारा सामान समिति के सदस्यों के आर्थिक सहयोग से वितरिक कर बैसाखी का खुशियां भरा उत्सव मनाया गया।

पंजाबी समाज समिति द्वारा समय-समय पर जरूरतमंदों की आवश्यकता अनुसार सहायता, सहयोग कर सेवा कार्य किए जाते हैं। बस्ती की रेखा बाई, कमलेश बाई, लटूरलाल आदि ने सामान पाकर खुशी जाहिर करते हुए समिति के सदस्यों का आभार व्यक्त किया।



## 20वां आर्य परिवार वैवाहिक परिचय सम्मेलन

सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा के निर्देशन में दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा के तत्त्वावधान में 20वां परिचय सम्मेलन का आयोजन 6 मई, 2018 को आर्यसमाज कीर्ति नगर, नई दिल्ली में प्रातः 10 बजे से किया जाएगा।

समस्त आर्य परिवारों से अनुरोध है कि अपने विवाह योग्य पुत्र-पुत्रियों के आर्य परिवारों से सम्बन्ध जोड़ने के लिए परिचय सम्मेलन में शीघ्रातिशीघ्र पंजीकरण कराने का कष्ट करें। पंजीकरण फार्म पूर्ण विवरण के साथ **'दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा'** के नाम **300/- रुपये** का डिमाण्ड ड्राफ्ट संलग्न भेजें अथवा 'दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा' के नाम **खाता संख्या 910010001816166** IFSC - UTIB0000223 **एक्सिज बैंक करोल बाग शाखा** में जमा कराकर रसीद फार्म के साथ भेंजे। आवेदन भेजने की **अन्तिम तिथि 26 अप्रैल, 2018** है। इसके बाद प्राप्त आवेदनों को विवरणिका में प्रकाशित नहीं किया जा सकेगा। पंजीकरण फॉर्म नीचे प्रकाशित किया गया है तथा **www.thearyasamaj.org** से डाउनलोड किया जा सकता है। आप अपना/अपने बच्चों का पंजीकरण **www.matrimony.thearyasamaj.org** पर ऑनलाईन भी कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें-

**अर्जुनदेव चड्ढा, राष्ट्रीय संयोजक** (मो. 9414187428)

**एस. पी. सिंह, संयोजक, दिल्ली** (मो. 9540040324)

# स्वामी रामदेव कोटा में 21 जून को लगायेंगे मेगा योगाक्लास

## रेजोनेंस के सहयोग से होगा यह आयोजन



कोटा। योग गुरू बाबा रामदेव विश्व योग दिवस 21 जून को कोटा नगर में रेजोनेंस कोचिंग संस्थान के सहयोग से मेगा योग क्लास लगायेंगे, तैयारी इतनी की जा रही है कि कोटा की यह योगा क्लास संख्या के हिसाब से नया वर्ल्ड रिकार्ड बनावें।

रेजोनेंस के सीजी टावर में बाबा रामदेव की पतंजलि योग पीठ के मुख्य केन्द्रिय प्रभारी डा. जयदीप आर्य ने रेजोनेंस के प्रबंध निदेशक आर के वर्मा के साथ पत्रकारों को बताया कि बाबा रामदेव 18 जून को कोटा पहुंच जायेंगे, मेगा योगा क्लास में अन्य कोचिंग और शिक्षण संस्थाओं के छात्र भी भाग ले सकेंगे, पंजियन कराना होगा।

डा. जयदीप ने बताया कि पतांजलि के तीन काम योग, आयुर्वेद, स्वदेशी के



साथ अब चौथा काम शिक्षा भी जुड़ गया है, हमने केन्द्र सरकार को 'आचार्यपुरम' नाम से स्कूल खोलने का प्रस्ताव दिया है, इनमें नर्सरी से 12वीं तक कक्षायें होंगी, भारत के पुराने ज्ञान और विज्ञान को मिलाकर वर्ल्ड लीडर तैयार करने का लक्ष्य है।

पतंजलि के प्रयासों से योग शिक्षा अनिवार्य हो गई है, बी.एड. करने वालों को योग का ज्ञान होना भी अनिवार्य हो गया है।

उन्होंने बताया कि आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति को विश्व पटल पर पूरक चिकित्सा पद्धति के रूप में देखा जाता है, इस धारणा को बदलने के लिये पतंजलि रिसर्च इंस्टीट्यूट स्थापित किया है, आने वाला समय आयुर्वेद का स्वर्णिम होगा, तीन लाख नौकरियां योग क्षेत्र देगा, आयुर्वेद इससे भी बड़ा रोजगार देने वाला क्षेत्र साबित होगा, ऐलोपैथी के डाक्टर भी आयुर्वेदिक दवायें लिखने लगेंगे।

डा. आर्य ने बताया कि पतांजलि स्कूल खोलने की भी योजना है, इसके लिये 5000 विद्वान सन्यासी तैयार किये जा रहे है।

आर के वर्मा ने कहा कि योग व्यक्ति के मानस, जीवन, कार्यशैली में परिवर्तन लाता है, योग के इसी महत्व को समझकर रेजोनेंस ने बाबा रामदेव को कोटा में योग प्रशिक्षण के लिये मेजबानी स्वीकारी है।

# रुधिरा ब्लड बैंक का हुआ शुभारंभ




**झालावाड़।** शहर में रुधिरा ब्लड बैंक का रविवार को निदेशक डॉ. वेदप्रकाश गुप्ता ने बताया कि ब्लड बैंक में करीब 15 सौ यूनिट ब्लड रखने की क्षमता होगी।

रविवार शाम को ब्लड बैंक का उद्घाटन मुख्य अतिथि जनअभाव अभियोग निराकरण समिति अध्यक्ष श्रीकृष्ण पाटीदार ने फीता काटकर किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि पाटीदार ने कहा कि जिले में सरकारी ब्लड बैंक तो है लेकिन यह निजी क्षेत्र की पहली ब्लड बैंक हैं। इसमें अब लोगों को प्लेट्सलेट चढ़ाने की सुविधा मिल पाएगी। इससे जिले के लोगों को और लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि भवानीमंडी के जेके अरोड़ा थे। ब्लड बैंक उद्घाटन की शुरूआत कोटा से डॉ. भुवनेश गुप्ता व हनीफ चौधरी द्वारा रक्तदान से की गई। इस मौके पर डॉ. सुषमा पांडे, डॉ. एम.एल. कुलश्रेष्ठ, सुरेश गुप्ता सहित कई डॉक्टर व अन्य लोग मौजूद थे। आभार निदेशक डॉ. वेदप्रकाश गुप्ता ने व्यक्त किया।

# योग द्वारा ही दुखों से मुक्ति संभव-अग्निमित्र शास्त्री

## तीन दिवसीय दिव्य योग कथा तलवण्डी में प्रारम्भ








**कोटा।** योग द्वारा ही दुखों से मुक्ति संभव है। योग के द्वारा मनुश्य वृत्तियों को नियंत्रित कर सकता है। नियंत्रित मन ही दुखों से बचाता है। सांसारिक सुख अस्थिर है। उनसे पूर्ण सुख की प्राप्ति नहीं हो सकती। योग के उपायों के सेवन से शारीरिक लाभ के साथ मानसिक व आध्यात्मिक सुख की प्राप्ति होती है। उक्त विचार दिव्य योग कथा में आचार्य अग्निमित्र शास्त्री ने मंशापूर्ण बालाजी धाम तलवण्डी में व्यक्त किए। राज्य प्रभारी अरविंद पाण्डेय ने बताया कि तीन दिवसीय योग कथा में महर्शि पतंजलि के योग सूत्रों से जीवन की समस्याओं के समाधान के बारें में बताया जायेगा।

इस अवसर पर आत्मा-परमात्मा, कर्म-कर्मफल सिद्धांत, मन-बुद्धि, चित्त, अहंकार के बारें में महर्षि पतंजलि के दृष्टिकोण को बतलाया गया है।

अजय राव, संदीप शर्मा और हर्षित खण्डेलवाल ने ईश्वर भक्ति भजनों से वातावरण को भक्तिमय कर दिया। कथा का प्रारंभ द्वीप प्रज्वलन से हुआ। राज्य प्रभारी अरविंद पाण्डेय, महिला सहराज्य प्रभारी सुशीला कुर्मी, जिला प्रभारी विवेक गर्ग, जिला महिला प्रभारी मिथलेश, युवा प्रभारी परमानंद, आर्य समाज के जिला प्रधान अर्जुनदेव चड्डा और मंदिर समिति के अध्यक्ष मंगल जी ने द्वीप प्रज्वलित किया। योग कथा में योग साधक-साधिकाऐं व अन्य भक्त उपस्थित रहें।

# विद्यार्थी जीवन में योग अपनाएं : रामदेव



**कोटा।** विद्यार्थी अपनी शक्ति व सामर्थ को पहचाने अपनी ऊर्जा अपनी शिक्षा में लगाएं, तनाव रहित जीवन के लिए योग को अपनाएं, अपने समय का सदुपयोग करें अपने माता-पिता के भरोसे का सम्मान करें। उक्त विचार स्वामी रामदेव महाराज ने अंतर्राष्ट्रीय योग शिविर के आयोजक रेजोनेंस के प्रतिनिधि व पतंजलि योग समिति कोटा के प्रतिनिधियों के मध्य व्यक्त किए। पतंजलि योग पीठ हरिद्वार के केन्द्रीय प्रभारी डॉ. जयद्वीप आचार्य ने कहा की विश्व योग दिवस के सफल आयोजन के लिए रेजोनेंस की टीम व पतंजलि योग समिति की टीम जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, योग संगठनों, धार्मिक व सामाजिक संगठनों से संपर्क करेगी। पइस बैठक में रेजोनेंस के सीईओ आशीष शर्मा, सोमवीर तयाल व भारत स्वाभिमान के राज्य प्रभारी अरविंद पांडे, जिला अध्यक्ष प्रदीप शर्मा व वेद मित्र शामिल रहे।

स्वामी, प्रकाशक एवं सम्पादक अर्जुन देव चड्ढा द्वारा मुद्रक मनोहर पारीक द्वारा जनधारणा प्रिंटर्स, 70 समाचार पत्र परिसर, महावीर नगर प्रथम, कोटा से मुद्रित एवं 'आर्यभवन' 4-प-28, विज्ञाननगर, कोटा-324005 से प्रकाशित। फोन: 0744-2422428। प्रबन्ध सम्पादक राकेश चड्ढा।